Publication: Dainik Navjyoti	**Page no:** 13
Edition: Print	**Date:** 09.09.22

महिलाओं के उत्थान के लिए तत्पर फ्रंटियर

ब्यूरो,नवज्योति/जयपुर। फ्रंडियर मार्केट्स की संस्थापक और सीईओ अजैता शाह के अनुसार भारत को स्वच्छता, शिक्षा, जल संरक्षण, लिंग पूर्वाग्रह,

प्राथमिक स्वास्थ्य, कन्या भ्रूण हत्या, कार्बन उत्सर्जन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों में समाज की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं में मदद करने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशन्स के साथ कई सामाजिक उद्यमियों की आवश्यकता है। सामाजिक उद्यमों (एसई) में भारत की शानदार विकास कहानी को अनप्रिविलेज्ड कम्यूनिटी के लिए बेहतर बनाने की क्षमता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था देश की लगभग आधी आबादी की अत्यधिक गरीबी को कम करने में कामयाब नहीं हुई है, जो प्रति दिन 1.25 डॉलर गरीबी रेखा से नीचे रहती है। इसलिए एक सामाजिक उद्यमी के लिए यह एक बड़ा काम है कि वह नए विचारों को ऐसे एप्लीकेशन्स में परिवर्तित करे जो समुदाय आधारित समस्याओं को हल करने की क्षमता रखती हों। शाह फाउण्डर एण्ड सीईओ फ्रटियर मार्केट्स इन राजस्थान, एक संभावित उम्मीदवार हैं, जिन्हें इस साल के सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (एसईओवाई) इण्डिया अवार्ड 2022 के लिए फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया है, जिसमें से 100 विविध सबमिशन में से 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। फ्रंटियर मार्केट्स ने 20,000 से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमियों को 3000 से अधिक गांवों में 500,000 से अधिक परिवारों को 10 मिलियन से अधिक समाधान अपनाने में मदद करने में सक्षम बनाया है।